SPE ISSUE – 2026 (19TH NJ) 2025
Vol. SHQ-BSGUP -19TH

# BHARAT SCOUT AND GUIDE UTTAR PRADESH

# “तेजल”

त्रैमासिक पत्रिका

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
19th NATIONAL JAMBOREE
GRAND FINALE OF THE DIAMOND JUBILEE
Viksit Yuva-Viksit Bharat

## जम्बूरी “विषेशांक”

## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी









State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार** IAS (Rtd.)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
**सूरज कुमार**
कार्यालय सहायक
**सम्भव श्रीवास्तव**
आई०टी० सहायक
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

"Leave this world a little better than you found it."

*- Lord Robert Baden-Powell*



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी विशेषांक - 5
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 36
❖ STAC – एडवेंचर एवं ट्रेकिंग कार्यक्रम - 44



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



प्रिय साथियों,

लखनऊ में दिनांक 23 नवम्बर 2025 से 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के सफल एवं भव्य आयोजन के उपरांत, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका "तेजल" के "जम्बूरी विशेषांक" (19वाँ अंक) के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई।

यह विशेषांक न केवल जम्बूरी की स्मृतियों एवं उपलब्धियों को संजोए हुए है, बल्कि वर्ष 2025 के अंतिम चरण में संस्था द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का भी प्रेरणादायी दस्तावेज है।
इस अवधि में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश ने माननीय प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति करते हुए अनेक महत्वपूर्ण आयाम स्थापित किए हैं, जो संगठन की सुदृढ़ कार्यशैली एवं समर्पित प्रयासों को दर्शाते हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संस्था के लिए गौरव का विषय रहा। इस जम्बूरी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 35,000 स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता, भाईचारा एवं सांस्कृतिक समन्वय का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। जम्बूरी के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएँ, साहसिक गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सेवा कार्य प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित इस जम्बूरी के सफल आयोजन हेतु हम माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यह आयोजन अभूतपूर्व रूप से संपन्न हो सका। साथ ही, उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी हम आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हम भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह जी के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त करते हैं, जिनके कुशल निर्देशन एवं निरंतर सहभागिता से यह जम्बूरी सुव्यवस्थित एवं अद्वितीय रूप में सफल हो सकी। इस सफल आयोजन में भारत स्काउट और गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ० के० के० खंडेलवाल जी एवं राष्ट्रीय मुख्यालय की पूरी टीम का योगदान भी अतुलनीय रहा। साथ ही, प्रादेशिक मुख्यालय की संपूर्ण टीम भी कृतज्ञता की पात्र हैं, जिसने अथक एवं निरन्तर परिश्रम कर इस आयोजन को सफल बनाया।
हम सभी जिला मुख्यायुक्तों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं, जिनके निर्देशन में जिला संस्थाओं के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर जम्बूरी को जीवंत बनाया।

जम्बूरी में योगदान देने वाले समस्त विभागों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी संस्थाओं का हम हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं, जिनके अथक प्रयास, समर्पण एवं टीम वर्क ने इस आयोजन को ऐतिहासिक सफलता प्रदान की।

अंत में, आप सभी से अपेक्षा है कि इसी उत्साह, सेवा भावना एवं प्रतिबद्धता के साथ आगे भी कार्य करते रहेंगे।

*आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ!*

**(डॉ०प्रभात कुमार)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों की एक झलक

## मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जम्बूरी के आयोजन हेतु सहमति

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने नवम्बर 2025 में उत्तर प्रदेश में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं डायमण्ड जुबिली जम्बूरी के आयोजन हेतु सहमति प्रदान की है। यह निर्णय मुख्यमंत्री जी द्वारा डॉ० अनिल जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, डॉ० महेंद्र सिंह, प्रादेशिक अध्यक्ष एवं डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त के साथ हुई बैठक में लिया गया।




## जम्बूरी की तैयारी हेतु बैठक

भारत स्काउट और गाइड की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भारत स्काउट और गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में किया गया। जिसमें जम्बूरी की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक राष्ट्रीय मुख्यायुक्त डॉ० के०के० खंडेलवाल, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, उत्तर प्रदेश डॉ० प्रभात कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई।



## जम्बूरी स्थल का भूमि पूजन

**19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** हेतु टेंट सिटी का भूमि पूजन सम्पन्न **29 सितम्बर 2025** भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित होने वाली 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं ग्राण्ड फिनाले डायमण्ड जुबली जम्बूरी के लिए विकसित की जा रही टेंट सिटी का भूमि पूजन डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड, वृन्दावन योजना, सेक्टर-15, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेश कुमार खन्ना, मा० मंत्री वित्त उत्तर प्रदेश, उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री संदीप सिंह, मा० राज्य मंत्री, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, श्रीमती गुलाब देवी, मा० राज्य मंत्री, डॉ. महेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश तथा डॉ. प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा उ० प्र० विशेष रूप से उपस्थित रहे।




## जम्बूरी स्थल का निरीक्षण

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित होने वाली **19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** की तैयारियाँ पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ जारी हैं। इसी क्रम में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त **डॉ० प्रभात कुमार** जी ने जम्बूरी ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जम्बूरी स्थल पर चल रहे विभिन्न कार्यों—जैसे आधारभूत संरचना, आवास व्यवस्था, स्वच्छता, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं—का गहन अवलोकन किया गया।



# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों की एक झलक

## मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर जम्बूरी तैयारियों की जानकारी दी गई– 15 अक्तूबर 2025

दिनांक **15 अक्तूबर 2025** को **डॉ. प्रभात कुमार जी**, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, ने माननीय मुख्यमंत्री **श्री योगी आदित्यनाथ जी** को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।



## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों का डीएम व पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण – 25 अक्तूबर 2025

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की **19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** एवं ग्रांड फिनाले डायमंड जुबली जम्बूरी की तैयारियों को लेकर जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ एवं पुलिस आयुक्त लखनऊ ने डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना, लखनऊ में स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयोजन स्थल की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन मार्ग तथा अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जम्बूरी में आने वाले देशभर के स्काउट्स और गाइड्स को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम भी उपस्थित रही, जिन्होंने विभिन्न सेक्टरों का जायजा लिया और आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की।



## राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों को लेकर मा० मुख्यमंत्री योगी श्री आदित्यनाथ जी की समीक्षा बैठक

दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने 19वीं राष्ट्रीय स्काउट और गाइड जम्बूरी की तैयारियों से संबंधित बैठक की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने जम्बूरी के भव्य आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह जी, प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी, उ० प्र० के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव इत्यादि उपस्थित रहे।



## SOC's एवं कंटिन्जेंट लीडर्स मीट – 28 अक्टूबर 2025

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के सफल आयोजन की तैयारियों के क्रम में दिनांक 28 से 29 अक्टूबर 2025 को लखनऊ स्थित होटल मेपल डिलाइट में SOC's एवं कंटिन्जेंट लीडर्स मीट का आयोजन किया गया।

बैठक में जम्बूरी से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, दायित्वों एवं समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को आयोजन की रूपरेखा, प्रशासनिक व्यवस्था, आवास, सुरक्षा एवं कार्यक्रम संचालन से संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

इस बैठक का उद्देश्य सभी संबंधित अधिकारियों एवं कंटिन्जेंट लीडर्स के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जम्बूरी को सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना है।



## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियाँ हेतु मा० मुख्यमंत्री जी से भेंट – 28 अक्टूबर 2025



दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के चीफ नेशनल कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल, स्टेट चीफ कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार तथा एडिशनल इंटरनेशनल कमिश्नर (स्काउट) श्री मधुसुदन अवाला जी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर आगामी ग्रैंड फिनाले ऑफ डायमंड जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। उक्त के उपरांत होटल मेपल डिलाईट, लखनऊ में आयोजित SOC's & Contingent Leader Meet का उद्घाटन एवं जम्बूरी ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जम्बूरी की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ (लॉन्च) भी किया गया।

## मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा जम्बूरी स्थल का निरिक्षण

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना में प्रस्तावित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी "विषेशांक"

## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी लोगो

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का लोगो एकता, सेवा और उत्सव की भावना को दर्शाता है। इसके केंद्र में उत्तर प्रदेश का मानचित्र और डायमण्ड जुबिली (75 वर्ष) का प्रतीक चिन्ह है, जो परंपरा और विरासत को प्रदर्शित करता है। इसके चारों ओर शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, संस्कृति एवं विकास के विभिन्न प्रतीक दर्शाए गए हैं, जो राष्ट्र की प्रगति को दर्शाते हैं। लोगो की टैगलाइन "विकसित युवा – विकसित भारत" सशक्त युवाओं के माध्यम से एक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करती है।

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
19th NATIONAL JAMBOREE
GRAND FINALE OF THE DIAMOND JUBILEE
Viksit Yuva-Viksit Bharat



## "शार्दू" – 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का आधिकारिक मैस्कॉट

शार्दू, बाघ से प्रेरित जम्बूरी का मैस्कॉट, साहस, नेतृत्व और एकता का प्रतीक है। स्काउट वर्दी और तिरंगे स्कार्फ के साथ वह देशभक्ति एवं अनुशासन को दर्शाता है। वह केवल एक पात्र नहीं, बल्कि रोमांच, मित्रता और सेवा की भावना का प्रतिनिधि है, जो स्काउट्स और गाइड्स को "विकसित युवा – विकसित भारत" के लिए प्रेरित करता है।

शार्दू जम्बूरी की ऊर्जा, उत्साह और जोश का प्रतीक है, जो हर प्रतिभागी को नई चुनौतियों का सामना करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उसकी उपस्थिति युवाओं में टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करती है।

शार्दू प्रत्येक स्काउट एवं गाइड के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जो उन्हें सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है।

## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य शुभारंभ, प्रतिभागियों का उत्साहपूर्ण आगमन एवं पंजीकरण सम्पन्न

भारत स्काउट और गाइड की **19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** का आयोजन दिनांक **23 से 29 नवम्बर 2025** की अवधि में **डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृन्दावन सेक्टर- 15, आवास विकास परिषद, लखनऊ** में किया गया। दिनांक **23 नवम्बर** को जम्बूरी में प्रतिभाग करने हेतु देश के विभिन्न प्रदेशों एवं विदेशों से आए स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स का आगमन निर्धारित समयानुसार हुआ। प्रवेश द्वार पर स्वागत दल द्वारा सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रतिभागियों ने निर्धारित काउंटरों पर अपना पंजीकरण कराया, जहाँ उनकी उपस्थिति दर्ज की गई तथा आवश्यक किट एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पंजीकरण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को उनके आवंटित शिविर/आवास स्थल तक मार्गदर्शन किया गया, जहाँ पहुँचकर उन्होंने अपने टेंट एवं सामग्री को सुव्यवस्थित किया और शिविर जीवन के अनुरूप स्वयं को ढालना प्रारम्भ किया। उद्घाटन समारोह को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु प्रतिभागियों द्वारा रिहर्सल भी की गई। सम्पूर्ण प्रक्रिया अनुशासित, व्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।













## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी " चरक" हॉस्पिटल



## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में 100 बेड युक्त "चरक हॉस्पिटल" का शुभ उद्घाटन

उत्तर प्रदेश के माननीय उप-मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी द्वारा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतर्गत स्थापित 100 शैय्या (बेड) युक्त "चरक हॉस्पिटल" का भव्य उद्घाटन किया गया।

यह आधुनिक अस्थायी चिकित्सालय जम्बूरी में भाग ले रहे स्काउट्स एवं गाइड्स, अधिकारियों, स्वयंसेवकों तथा आगंतुकों को त्वरित, समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। अस्पताल में आपातकालीन उपचार, सामान्य ओपीडी, प्राथमिक उपचार कक्ष, 24×7 चिकित्सकीय सेवा, प्रशिक्षित डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की तैनाती, एम्बुलेंस सुविधा तथा आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इतने विशाल राष्ट्रीय आयोजन में सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित चिकित्सा व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चरक हॉस्पिटल की उत्कृष्ट तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह 100-बेड की सुविधा प्रतिभागियों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं आश्वस्त वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



उन्होंने आयोजन समिति एवं चिकित्सा दल को सफल व्यवस्थाओं के लिए बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि जम्बूरी के दौरान सभी प्रतिभागियों को त्वरित एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से प्राप्त होती रहेंगी।



## जम्बूरी में प्रातः बी.पी. सिक्स एवं ध्वज शिष्टाचार के साथ अनुशासित दिनचर्या का संचालन



19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतर्गत स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बैडेन-पावेल द्वारा सुझाए गए "बी.पी. सिक्स" (छह व्यायाम) का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है। इन व्यायामों का उद्देश्य स्काउट्स एवं गाइड्स के शारीरिक स्वास्थ्य तथा मानसिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना है। जम्बूरी के दौरान सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने उप-शिविरों (Sub Camps) में व्यवस्थित रूप से निवास करते हुए प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे "बी.पी. सिक्स" का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही प्रातःकालीन दिनचर्या के अंतर्गत ध्वज शिष्टाचार का भी विधिवत पालन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में अनुशासन, समयबद्धता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित हो रही है, जिससे शिविर जीवन का संचालन सुचारु एवं प्रभावी रूप से हो रहा है।



## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की उद्घाटन



**उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मुख्य संरक्षक श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का उद्घाटन किया।**

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के डायमण्ड जुबिली समारोह एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य शुभारंभ लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड के अटल एरिना में सोमवार को किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश से आए 35,000 से अधिक स्काउट्स एवं गाइड्स प्रतिभाग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 61 वर्षों के अंतराल के बाद इस जम्बूरी का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, जो कि उत्तर प्रदेश भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मुख्य संरक्षक भी हैं, द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत कलर पार्टी द्वारा मार्गदर्शन के साथ हुई, जिसमें गाइड्स द्वारा प्रार्थना एवं ध्वज गीत प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल महोदया ने मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त के साथ ओपन जीप में परेड का निरीक्षण किया, जहाँ उपस्थित स्काउट्स एवं गाइड्स ने “हर्ष- हर्ष... जय” के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० अनिल जैन ने जम्बूरी के महत्व को रेखांकित करते हुए राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ० के० के० खंडेलवाल (आईएएस, सेवानिवृत्त) ने अपने संबोधन में स्काउट एवं गाइड संगठनों के एकीकरण के इतिहास पर प्रकाश डाला और “एक राष्ट्र, एक आंदोलन, एक ध्वज” की अवधारणा को रेखांकित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदया द्वारा स्मारक डाक टिकट एवं सिक्के का विमोचन किया गया तथा उन्हें जम्बूरी के आधिकारिक मैस्कॉट “शार्दू” की प्रतिमा भेंट की गई। कार्यक्रम में आकर्षक मार्चपास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश द्वारा जम्बूरी गीत पर मनमोहक नृत्य, “वंदे मातरम्” के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एकता नृत्य, पंजाब के स्काउट द्वारा राज्यपाल का लाइव पोर्ट्रेट, मल्लखम्ब प्रदर्शन तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। सम्पूर्ण वातावरण ऊर्जा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण रहा, जिसने भारत की युवा शक्ति को एक मंच पर प्रदर्शित करते हुए लखनऊ को सचमुच ‘मिनी इंडिया’ में परिवर्तित कर दिया।



# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की उद्घाटन





















## माननीय उप- मुख्यमंत्री द्वारा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में "उत्तर प्रदेश नाइट" का भव्य उद्घाटन

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतर्गत 24 नवम्बर को "उत्तर प्रदेश नाइट" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ तथा गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कथक, शिव तांडव, झांकियां एवं फूलों की होली प्रमुख आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि ने जम्बूरी की सराहना करते हुए "विकसित युवा – विकसित भारत" के संदेश के साथ युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उपाध्यक्ष एवं कर्नाटक के पूर्व गृह मंत्री श्री पी.जी.आर. सिंधिया, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल, प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह, प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार तथा निदेशक सुश्री दर्शना पावसकर भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अंगवस्त्र एवं स्कार्फ पहनाकर उनका स्वागत किया गया।


माननीय उत्तर प्रदेश के उप- मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी के द्वारा
19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का सांस्कृतिक संध्या एवं ड्रोन शो का उद्घाटन किया।

















ड्रोन शो का कुछ मनमोहक चित्र









## मा० मंत्री- बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जंबूरी एकता यात्रा का उद्घाटन




19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में दिनांक 25 नवंबर 2025 को एकता यात्रा आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री संदीप सिंह, मा० बेसिक शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश का आगमन हुआ। गाइड्स द्वारा बजाई गई मधुर धुनों के बीच मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत गुलदस्ते, स्कार्फ, वॉगेल एवं अंगवस्त्र द्वारा डॉ. प्रभात कुमार, आईएस (सेवा.), मुख्यायुक्त, उत्तर प्रदेश भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि महोदय ने हरी झंडी दिखाकर एकता यात्रा की शुरुआत की। मुख्य अतिथि के साथ जंबूरी के सेक्रेटरी जनरल, मुख्य आयुक्त, डॉ. प्रभात कुमार, श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव, उप निदेशक गाइड्स (बालिका कार्यक्रम), प्रादेशिक सचिव उत्तर प्रदेश श्री आनंद सिंह रावत, तथा प्रदेशिक संगठन आयुक्त (उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहे। एकता यात्रा में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने वाले विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागियों एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने अपनी–अपनी संस्कृति के अनुसार विविध प्रकार के पारंपरिक परिधानों को धारण कर 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों में नेपाल, श्रीलंका तथा जिला संघ सऊदी अरब प्रमुख रहे। प्रतिभागी प्रदेशों में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली सहित सभी प्रदेशों के स्काउट्स एवं गाइड्स अपने यूनिट लीडर्स के साथ 'विकसित युवा विकसित भारत', 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', 'स्वच्छ भारत स्वदेशी भारत' आदि नारों के साथ उत्साहपूर्वक एकता यात्रा में शामिल हुए।







## मा० मंत्री - कौशल विकास एवं उद्यमशीलता द्वारा 'मेजर ध्यानचन्द्र एडवेंचर व अम्यूज़मेंट - बेस का उद्घाटन








25 नवम्बर 2025 को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं ग्रैंड फिनाले डायमण्ड जुबिली जम्बूरी के अंतर्गत मेजर ध्यानचन्द्र एडवेंचर व अम्यूज़मेंट -बेस का भव्य उद्घाटन श्री जयंत चौधरी, मा० मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमशीलता, द्वारा किया गया। उनके आगमन पर सेंट क्लेयर कान्वेंट स्कूल के स्काउट–गाइड बैंड ने समारोहिक धुन प्रस्तुत की और फ्लैग ग्रीटिंग से स्वागत किया। डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रादेशिक अध्यक्ष, और डॉ. प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, ने स्काउट परंपरानुसार मुख्य अतिथि को सम्मान प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने स्काई साइक्लिंग, रैपलिंग, बैलेन्स-रोप, ज़िप-लाइन सहित विभिन्न साहसिक गतिविधियों का अवलोकन किया और बच्चों के उत्साह व अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व, टीम-वर्क और व्यक्तित्व विकास को सशक्त बनाते हैं। श्री चौधरी ने चरक जंबूरी हॉस्पिटल का निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं की सराहना की।



## माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश संध्या एवं ड्रोन शो उद्घाटन





19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उत्तर प्रदेश संध्या एवं ड्रोन शो का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ तथा उन्हें जम्बूरी के शुभंकर 'शार्दू' का प्रतीक चिन्ह, स्कार्फ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने युवाओं से स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया तथा कहा कि "जागृत युवा शक्ति वाला राष्ट्र ही महाशक्ति बनता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि लगभग 61 वर्षो बाद जम्बूरी का आयोजन उत्तर प्रदेश की धरती पर हो रहा है, जो युवाओं के लिए नई प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर स्काउट्स और गाइड्स ने मोबाइल फ्लैशलाइट जलाकर "भारत माता की जय" और "जय जम्बूरी" के उत्साहपूर्ण नारे लगाए। कार्यक्रम में श्री स्वतंत्र देव सिंह मा० मंत्री जल शक्ति, उत्तर प्रदेश, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. अनिल जैन, अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, डॉ. के.के. खंडेलवाल मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, डॉ. अनिल जैन, श्री महेंद्र सिंह, प्रादेशिक अध्यक्ष तथा डॉ. प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन ने युवाओं में राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।



## उत्तर प्रदेश संध्या एवं ड्रोन शो














## विभिन्न राज्यों की प्रदर्शनी का उद्घाटन





19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए आकर्षक एवं सुसज्जित स्टॉल लगाए गए, जिनमें पारंपरिक भोजन, वेशभूषा, कला रूपों एवं सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रत्येक स्टॉल पर प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने राज्य की विशिष्टताओं को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों को प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

विशेष आकर्षण के रूप में फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) अनुभाग भी शामिल रहा, जिसमें भारत की विरासत से जुड़े दुर्लभ एवं विषयगत डाक टिकटों को प्रदर्शित किया गया, जिसने प्रदर्शनी के शैक्षिक महत्व को और समृद्ध किया।

इस प्रदर्शनी ने “विविधता में एकता” के आदर्श को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने एवं सराहने का अवसर प्रदान किया। साथ ही, यह आयोजन विभिन्न राज्यों के बीच आपसी संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। प्रदर्शनी स्थल पर प्रतिभागियों एवं आगंतुकों में विशेष उत्साह देखा गया तथा सभी ने इस अनूठे सांस्कृतिक संगम का भरपूर आनंद लिया।





## फूड प्लाज़ा का उद्घाटन

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतर्गत सांस्कृतिक समन्वय का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब फूड प्लाज़ा का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जम्बूरी परिसर भारत की समृद्ध एवं विविध पाक परंपराओं के रंग-बिरंगे और जीवंत स्वरूप में परिवर्तित हो गया। उद्घाटन समारोह में डॉ० प्रभात कुमार, आईएएस (सेवानिवृत्त) प्रादेशिक मुख्यायुक्त, उत्तर प्रदेश तथा श्री मणिराम शर्मा, आईएएस जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सुश्री कुमुद मेहरा, उपनिदेशक (गाइड) लीडर ट्रेनिंग आईसी के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों से आए स्काउट्स एवं गाइड्स ने अपने-अपने पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी। पूर्व भारत के मसालेदार स्वाद से लेकर उत्तर भारत के समृद्ध व्यंजनों तक, हर पकवान अपने क्षेत्र की विशिष्ट पहचान और गौरव को प्रदर्शित कर रहा था। यह फूड प्लाज़ा केवल खाद्य प्रदर्शनी तक सीमित न रहकर स्काउटिंग की उस भावना को साकार करता हुआ दिखाई दिया, जिसमें विविधता का सम्मान करते हुए एकता के साथ आगे बढ़ने का संदेश निहित है। इस आयोजन ने प्रतिभागियों एवं आगंतुकों को न केवल विभिन्न राज्यों के स्वादों का अनुभव कराया, बल्कि भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि को भी सजीव रूप में प्रस्तुत किया।






## श्री सुरेश कुमार खन्ना मा० वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा भव्य पेजेंट शो का उद्घाटन

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के अंतर्गत एक भव्य पेजेंट शो का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत करना था। स्काउट्स और गाइड्स ने अपने-अपने राज्यों की कला, संस्कृति और परंपराओं को नृत्य, संगीत और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सुरेश कुमार खन्ना, मा० वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश ने किया और देश-विदेश से आए प्रतिभागियों का लखनऊ में स्वागत किया। विभिन्न राज्यों ने अपनी विशिष्ट प्रस्तुतियाँ दीं उत्तराखंड ने "चौकिया" और "झोड़ा" लोकनृत्य, उत्तर प्रदेश ने "कथक", राजस्थान ने "कालबेलिया", महाराष्ट्र ने "लावणी" और "कोली", पंजाब ने "भांगड़ा" तथा केरल ने "कथकली" के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।यह पेजेंट शो भारत की "विविधता में एकता" का सुंदर उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. महेंद्र सिंह प्रादेशिक अध्यक्ष और डॉ. प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त द्वारा श्री सुरेश खन्ना मा० वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश को जंबूरी के शुभंकर 'शार्दू' की स्मृति-भेंट प्रदान की गई।






19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल लगातार बना रहा। विभिन्न महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक मूल्यांकन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों के कौशल, अनुशासन और तैयारी की शानदार झलक देखने को मिली।गाइड विंग में आयोजित बहुप्रतीक्षित स्टेट गेट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बेहतरीन रचनात्मकता और पायनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विभिन्न राज्य संघों से आए वरिष्ठ प्रशिक्षकों के पैनल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए आकर्षक, मजबूत और अभिनव गेट्स का बारीकी से निरीक्षण कर उनका आकलन किया।इसी दौरान जम्बूरी एरीना में प्रथम उपचार (First Aid) प्रतियोगिता, टेंट मेकिंग और गैजेट मेकिंग प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। प्रथम उपचार प्रतियोगिता, जिसमें स्काउट्स और गाइड्स की जीवनरक्षक कौशल की परीक्षा होती है, का मूल्यांकन भी विभिन्न राज्यों से आए विशिष्ट निर्णायकों द्वारा किया गया।शाम के समय मौसम ठंडा हो जाने के बावजूद स्काउट्स और गाइड्स का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ। बिना गर्म कपड़ों के भी उन्होंने पूरे जोश और समर्पण के साथ कार्य जारी रखा, जो सच्चे स्काउटिंग और गाइडिंग भावना का परिचायक है।इन प्रतियोगिताओं ने स्काउटिंग और गाइडिंग के मूल मूल्यों—सेवा, व्यावहारिक कौशल और आपात परिस्थितियों में तत्परता—को स्पष्ट रूप से उजागर किया। सुव्यवस्थित टेंट और उपयोगी गैजेट्स का प्रदर्शन प्रतिभागियों की रचनात्मकता, कौशल और टीमवर्क को दर्शाता है, जिससे यह दिन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बन गया।













# कौशल
## से बनता है सच्चा
# स्काउट गाइड




27 नवम्बर 2025 की रात लखनऊ में आयोजित जम्बूरी फैशन नाइट के अंतर्गत एक आकर्षक फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों से आए स्काउट्स और गाइड्स ने अपने-अपने पारंपरिक परिधानों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और एकता का सुंदर प्रदर्शन किया।प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति के लिए 30 सेकंड का समय दिया गया, जिसमें उन्होंने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और आकर्षक चाल-ढाल के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में एथनिक फैशन पर विशेष जोर रहा, जिससे विभिन्न राज्यों की परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान की झलक देखने को मिली।यह कार्यक्रम केवल एक फैशन शो नहीं था, बल्कि संस्कृति, कला और परंपराओं के उत्सव के रूप में उभरकर सामने आया, जिसने दर्शकों को भारतीय विविधता की सुंदरता से परिचित कराया।









# जम्बूरी में वायु सेना द्वारा करियर मार्गदर्शन, युवाओं को मिली प्रेरणा

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतर्गत स्काउट्स एवं गाइड्स को भारतीय वायु सेना में करियर बनाने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु 25 नवम्बर को सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में विंग कमांडर सुजाता तिवारी जी द्वारा एक विशेष करियर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उन्होंने भारतीय वायु सेना की स्थापना से लेकर वर्तमान में उसकी सशक्त भूमिका तक के इतिहास पर प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार वायु सेना में भर्ती हेतु तैयारी कर सकते हैं, वायु सेना के विभिन्न कार्य क्या हैं तथा यह देश की सुरक्षा में किस प्रकार महत्वपूर्ण योगदान देती है। जम्बूरी स्थल पर भारतीय वायु सेना द्वारा एक आकर्षक प्रदर्शनी बस भी लगाई गई, जिसमें आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही वायु सेना में भर्ती से संबंधित एक विशेष स्टॉल भी स्थापित किया गया, जहाँ प्रतिभागियों को भर्ती प्रक्रिया, योग्यता, प्रशिक्षण एवं करियर अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में स्काउट्स एवं गाइड्स ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ प्रतिभाग किया। प्रादेशिक गाइड कमिश्नर, उत्तर प्रदेश सुश्री ललिता प्रदीप जी ने विंग कमांडर सुजाता तिवारी एवं उनकी टीम का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

जम्बूरी में इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व विंग कमांडर एस.पी. खान एवं सुजाता तिवारी जी द्वारा किया जा रहा है। उनके साथ फ्लाइट लेफ्टिनेंट नवीन यादव, फ्लाइंग ऑफिसर हर्षित हुड्डा, विकास त्रिपाठी, सार्जेंट दीपक कुमार तथा वायु सेना मुख्यालय, दिल्ली की दिशा टीम सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर जम्बूरी में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को जागरूक किया।






## पुलिस प्रदर्शनी रहा आकर्षण का केंद्र

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के प्रदर्शनी क्षेत्र में विभिन्न राज्यों के प्रदर्शनी के साथ- साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा भी भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। उक्त पुलिस के प्रदर्शनी में मुख्य रूप से सेल्फी प्वाइंट, यातायात पुलिस, साइबर सुरक्षा, रेलवे पुलिस, मेसेजिंग, क्राइम सीन, कोर्ट सीन, विभिन्न प्रकार के जांच उपकरण, स्केनट, विभिन्न प्रकार के हथियार, पुलिस वाहन आदि विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टालों में पुलिसिंग से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियाँ लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चे बेहद ही उत्सुकता से प्रदर्शनी में लगे हुए उपकरणों के बारे में पूछते हुए दिखे। प्रदर्शनी क्षेत्र में अलग-अलग राज्यों ने भी अपनी स्टॉल्स लगाए हुए हैं, जिसमें वे अपने राज्य की संस्कृति एवं विटासत को बड़े ही बेहतर ढंग से प्रदर्शित कर रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात, जमीयत यूथ क्लब, केंद्रीय विद्यालय समिति, नवोदय विद्यालय समिति, भारतीय वायु सेना के साथ-साथ थल सेना के प्रदर्शनियों पर भी लोगों की भाटी भीड़ दिखी। लोग उतने ही उत्सुकता के साथ इन स्टालों पर पहुँच रहे हैं ओर पूरे देश के विभिन्न प्रकार की संस्कृतियों से रूबरू हुए।








**उत्तर प्रदेश पुलिस**
के द्वारा
**भव्य प्रदर्शनी**





# भारतीय सेना की प्रदर्शनी

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के प्रदर्शनी क्षेत्र में विभिन्न राज्यों के साथ-साथ भारतीय सेना द्वारा एक आकर्षक एवं अत्याधुनिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। सेना की इस प्रदर्शनी में आधुनिक हथियारों, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक डॉग, निगरानी उपकरणों तथा सैन्य उपयोग में आने वाली उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किया गया है। इन स्टॉलों के माध्यम से प्रतिभागियों को सेना की कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता एवं देश की सुरक्षा में उपयोग होने वाले आधुनिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं में इन उपकरणों को देखने और समझने के प्रति अत्यधिक उत्साह देखा गया, जहाँ वे जिज्ञासापूर्वक प्रश्न पूछते हुए नजर आए। इसके अतिरिक्त, सेना के अधिकारियों द्वारा विशेष सत्र (सेशन) भी आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को भारतीय सेना में करियर के अवसर, चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं सेना के जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इन सत्रों ने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया तथा उनके भीतर सशस्त्र बलों के प्रति आकर्षण को और सुदृढ़ किया। प्रदर्शनी क्षेत्र में विभिन्न राज्यों द्वारा भी अपने-अपने स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें वे अपनी सांस्कृतिक विविधता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर रहे हैं। सेना की इस प्रदर्शनी ने न केवल युवाओं को आधुनिक तकनीक से परिचित कराया, बल्कि उनमें देश सेवा एवं सशस्त्र बलों के प्रति गर्व और प्रेरणा की भावना भी जागृत की।
















## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य समापन, माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी रहीं मुख्य अतिथि

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का समापन समारोह 28 नवम्बर को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, लखनऊ में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। उनके साथ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधि, अधिकारी, स्काउट्स एवं गाइड्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मा० राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने कहा कि 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी जैसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आए हजारों स्काउट्स एवं गाइड्स की सहभागिता भारत की विविधता में एकता की भावना को साकार करती है। स्काउट्स एवं गाइड्स का मूल मंत्र "सदैव तैयार रहें" युवाओं को जीवन की प्रत्येक चुनौती का सामना आत्मविश्वास और साहस के साथ करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपति ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण और अनुशासन के मार्ग पर चलते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जम्बूरी के सफल आयोजन हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की गई। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समापन समारोह में विभिन्न राज्यों के स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में उत्साह, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना परिलक्षित हुई। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का यह सफल आयोजन युवाओं में "विकसित युवा – विकसित भारत" की भावना को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी संदेश देकर सम्पन्न हुआ।




POLICE




19वां राष्ट्रीय जम्बूरी










# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी बनी 'जीरो वेस्ट इवेंट', फूड वेस्ट से बनी खाद के 500 पैकेट नगर निगम को सौंपे गए

लखनऊ। वृंदावन स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 23 से 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का समापन खाद वितरण कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देश-विदेश से हजारों स्काउट्स एवं गाइड्स ने प्रतिभाग किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई। जम्बूरी के समापन (29 नवम्बर) के उपरांत 30 नवम्बर 2025 को 'स्वच्छ, हरित एवं सतत भारत' के संदेश के तहत कार्यक्रम के दौरान एकत्रित फूड वेस्ट से तैयार जैविक खाद का वितरण किया गया। कुल 10,500 किलोग्राम गीले कचरे को स्थल पर स्थापित कंपोस्टिंग प्लांट में प्रोसेस कर खाद तैयार की गई। इस खाद के 500 पैकेट नगर निगम लखनऊ को सौंपे गए, जिनका उपयोग शहर के पार्कों एवं हरित











क्षेत्रों में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सफाई व्यवस्था के अंतर्गत 1,40,000 प्लास्टिक बोतलें एवं 30,000 से अधिक रैपर एकत्र कर रीसायकलिंग हेतु भेजे गए, जिससे कार्यक्रम को 'जीरो वेस्ट इवेंट' का स्वरूप मिला। खाद निर्माण एवं कचरा प्रबंधन में नगर निगम लखनऊ, लायन एनवायरो टीम एवं आयोजन समिति का संयुक्त सहयोग रहा। इस अवसर पर स्टेट चीफ कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त ने इसे 'ग्रीन कैंप' संकल्प का सफल परिणाम बताते हुए कहा कि यह पहल युवाओं में पर्यावरण जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं, श्री पंकज श्रीवास्तव ने इसे 'Reduce–Reuse–Recycle (RRR)' मॉडल का प्रभावी उदाहरण बताया। इस प्रकार 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी ने स्वच्छता, हरित ऊर्जा एवं सतत विकास का सशक्त संदेश स्थापित किया।

# INTELLECTUAL ACTIVITIES

**The 19th National Jamboree and Grand Finale of the Diamond Jubilee Jamboree entered its second day with the commencement of the much-awaited Intellectual activities. Scouts and Guides from across the country actively engaged in multiple innovative and educational bases designed to enhance skills, creativity and teamwork. These Intellectual activities are organized under the leadership of Shri Arup Sarkar, Deputy Director of Scouts (Boy Programme) and managed by Shri Jit Ghosh, IT I/c.**

## BADGE SWAPPING

The Swapping Badge Base witnessed high enthusiasm as participants exchanged badges symbolising unity and brotherhood. Under the guidance of Dr. Darshan Singh (Punjab), Ganpat Kumar (Jodhpur) and Bhavna Sharma (Jaisalmer), Scouts and Guides learned the tradition of global culture.

## CREATIVE DRESSING

This base encouraged artistic expression through sustainable and theme-based costume creation. Led by Ritu Anamika Chouhan (Rajasthan), Muskan Maitry (Chhattisgarh) and Mounika Haranya (Nipun Ranger), participants showcased remarkable creativity using eco-friendly materials.

## DRAWING CARTOON AND CARTOON MAKING

Young artists brought stories to life through character sketching and animation basics. The base was conducted by Buldev Singh (NR ASTC, Pre-ALT Cub), Abhijit Tripura (ALT-R) and Former ASOC Rover Section, inspiring participants toward visual storytelling.

## MY BHARAT PORTAL

Scouts and Guides were introduced to the digital opportunities of the My Bharat portal. Trainers Khusboo Katare (MP), Anil Kumar (Rajasthan), Devesh Joshi (Rajasthan) and Ranojoy Das (West Bengal) guided youth on how to access national-level skill, service and leadership programs.

## ONLINE YOUTH MANAGEMENT SYSTEM

This base focused on training participants in youth leadership records, digital data management and organizational processes. Experts included Eppa Rajender (Telangana), Sameer Khan (Chhattisgarh), Ram Vilas Saini (Jodhpur) and Nisha Sahu (Chhattisgarh), ensuring a hands-on learning experience.

## HEALTH AND HYGIENE (HANDWASH PORTAL)

Awareness sessions on first aid, sanitation and personal preventive care were conducted. Trainers included Kantha Sharma (Rajasthan), Kiran Devi Panwar (Jodhpur), Adrish Chakraborty (West Bengal), Manish Chauhan (Himachal) and Gaurav Rathore (SEC Railway), who educated youth on healthy living practices.

## BSG SOCIAL MEDIA

Participants learned responsible digital communication and content creation for Scouting activities. The base was handled by Ajay Singh (Haryana), Naresh Kumar (Haryana) and Shreya Shaw (West Bengal), highlighting the role of social media in modern Scouting.

## ELECTRONICS

This base introduced Scouts and Guides to basic electronics, circuits and gadget handling. Mr. Sanjay Kansabanik (West Bengal) and Pawan Kumar Bharti (Rajasthan) demonstrated hands-on experiments to spark technical curiosity.

## VIRTUAL REALITY

Participants experienced immersive learning through VR simulations provided by Neo Classic. Developers Nishant Sambare, Devarth Sambare and instructors Dhruv Yadav and Robin guided youth through futuristic digital environments.

## ARTIFICIAL INTELLIGENCE

Conducted by Advect Skills Pvt. Ltd., this base introduced participants to AI concepts, automation and machine learning basics. Demonstrations helped them understand how AI is reshaping global industries and daily life.

## HAM RADIO BASE

Rajapalayam International Radio Communicators Club, Virudhunagar District of Tamil Nadu State, is rendering its services at the 19th National Jamboree under the leadership of Shri V. Ramesh Kumar, VU2JFF, along with Mr. D. Kamraj, Mr. M. A. Padmanaban, Mr. B. Muruaesan, and Mr. K. Murugesan. The station is set up in the IT Hub Centre. A number of Scouts and Guides learned about HAM radio. The in-charge informed the members that HAM Radio is a self-study, self-interest-based, and globally recognized technical hobby. It is one of the most reliable modes of communication during natural calamities such as tsunamis, earthquakes, heavy rains, and landslides, where other communication systems fail. A HAM station can be set up within half an hour at any place.

Further, the team members explained that using HAM radio without a licence is an offence. In India, the Ministry of Telecommunication, WPC Wing, Government of India, issues licences. Applicants must undergo the ASOC exam, and the fee is a nominal Rs. 100/-. Registration can be done online through the Government portal (saralsanchar.gov.in).

For Scouts and Guides, HAM Radio is an important intellectual activity, and almost all of them participate in JOTA and JOTI during October every year, where they learn and communicate on HAM radio sets under the guidance of licensed operators. The National Headquarters conducts the HAM Course every year, and interested members can join.

Scouts and Guides enjoyed the Intellectual Based activities with great enthusiasm.



















19 NATIONAL JAMBOREE
#19thNationalJamboree
#WAGGGSGlobalVillage
#WAGGGS




THE BHARAT SCOUTS
NATIONAL HEADQUARTERS,
GRAND FINALE OF THE DIAMOND JUBILEE
AND 19TH NATIONAL JAMBOREE
विकसित युवा
विकसित भारत
SCOUTING
GUIDING








SCOUTS for SDGs
SDG 16
PEACE, JUSTICE AND STRONG INSTITUTIONS
BSG



# जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – लखनऊ

### जनपद – लखनऊ





भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद लखनऊ द्वारा दिनांक 26, 27 एवं 28 दिसंबर 2025 को गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज में जनपदीय रैली–2025 का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के स्काउट एवं गाइड्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली का उद्घाटन संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ० प्रदीप कुमार जी द्वारा किया गया तथा समापन भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह जी द्वारा किया गया। समापन अवसर पर अध्यक्ष जी ने बच्चों द्वारा तैयार बाटी-चोखा का स्वाद लेकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रैली संयोजक डॉ० आर०पी० मिश्रा, जिला मुख्यायुक्त डॉ० जे०पी० मिश्रा, जिला सचिव अनिल शर्मा सहित जनपद के पदाधिकारी एवं स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।

### जनपद – हरदोई

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद हरदोई में स्काउट गाइड की जिला रैली का आयोजन दिनांक 12 से 14 नवंबर 2025 तक राजकीय इंटर कॉलेज, हरदोई में हुआ |



### जनपद – उन्नाव



भारत स्काउट गाइड फाउंडेशन दिवस के अवसर पर स्काउट के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी महोदय उन्नाव को स्टिकर लगाकर फाउंडेशन दिवस पर स्टीकर वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया |

## मण्डल – आगरा

### जनपद – आगरा



भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार के निर्देशानुसार चार दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन दिनांक 18 से दिसम्बर 2025 तक बालमुकुंद रामचंद्र बजारी जनपद आगरा में संपन्न किया गया जिसमें 74 गाइड्स और 58 स्काउट ने प्रतिभाग किया जिसके अंतर्गत जनपद आगरा के मुख्यायुक्त डॉ0 अनिल वशिष्ठ जी द्वारा किया गया। चार दिवसीय जाँच शिविर मे तृतीय दिवस पर वृहद कैम्प फ़ायर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे वरिष्ठ अधिवक्ता और बालमुकुन्द रामचन्द्र बजारी सरस्वती विद्या मन्दिर के प्रबंधक श्री विवेक कुमार जी उपस्थित रहे उन्होंने अपने उदबोधन मे कहा कि हमें स्काउट और गाइड की महत्वता को समझाया और संगठन को आगे ऊंचाइयों तक ले जाने को कहा। जिला एडल्ट रिसोर्स स्काउट कमिश्नर जी०एल० जैन, जिला स्काउट कमिश्नर डॉ अतुल कुमार जैन स्काउट गाइड का मार्गदर्शन किया। इस जांच शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमे सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त आगरा मंडल आगरा सुश्री प्रीति, जिला सचिव रेनू भारद्वाज, संयुक्त सचिव गणतंत्र जैन, जिला संगठन आयुक्त श्री महेश कुमार सैनी की देखरेख में इस कैंप का संचालन किया गया। कैंप के लीडर ऑफ़ द कोर्स स्काउट श्री विजय शर्मा लखनऊ, लीडर ऑफ़ द कोर्स गाइड श्रीमती नीता त्रिपाठी कानपुर रही |

## जनपद – मथुरा



भारत स्काउट और गाइड उ0 प्र0 जनपद मथुरा के तत्वावधान में तृतीय सोपान जाँच शिविर का दिनाँक 08 दिसम्बर 2025 से श्री जी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड मथुरा में शुभारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानचार्य श्री हरेन्द्र सारस्वत जी व मुख्य अतिथि जिला कमिश्नर स्काउट श्री निखिल अग्रवाल जी ने माँ सरस्वती व माँ भारती के चित्रपट पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर लीडर ऑफ द कोर्स श्री दयाशंकर शर्मा, लीडर ट्रेनर व जिला संगठन कमिश्नर स्काउट अशोक कुमार सोलंकी, जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती गुरुप्यारी सत्संगी, राजीव सोनी, उमाशंकर शर्मा, राकेश पचौरी, अरुण कुमार, दीपिका, निधिशा वार्ष्णेय, रचना शर्मा आदि प्रमुख रूप उपस्थित रहे। शिविर में श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर, राधा माधव इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल, रामकली देवी बालिका सरस्वती विद्या मंदिर वृन्दावन, हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृन्दावन, सुभाष इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों के स्काउट गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं।

## जनपद – फिरोजाबाद

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद फिरोजाबाद द्वारा संस्था का 75वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी श्री रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री शत्रुघ्न वैश्य, जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धीरेन्द्र कुमार, श्री यतेन्द्र सिंह (प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज), डॉ० दिनेश चाहर, जिला सचिव (खेलकूद) एवं हिमांशु शर्मा, महिपाल को स्थापना दिवस का स्टिकर लगाकर शुभकामनाएँ दी गई।

कार्यक्रम में जिला मुख्यायुक्त का स्कार्फ एवं बुके भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव डॉ० सहदेव सिंह चौहान, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) आनंद बाबू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) विनीता चौधरी एवं रीमा यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त आगरा मंडल सुश्री प्रीति ने भी मुख्यायुक्त से भेंट कर आगामी लखनऊ जम्बूरी की तैयारियों पर चर्चा की।







## जनपद – गाजियाबाद

## मण्डल – मेरठ





18 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड, जिला गाजियाबाद द्वारा "एक दिया सैनिकों के नाम" रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक रैली में गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 250 स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला संघ के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक थी। आम नागरिकों से भावपूर्ण अपील की गई वे अपने व्यस्त जीवन से केवल 5 मिनट निकालकर इस दीपावली पर एक दीपक हमारे देश के उन वीर जवानों के नाम अवश्य जलाएं, जो अपने परिवार से दूर रहकर हमारी सुरक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। आइए, इस दीपावली हम सब मिलकर एक दीपक जलाएं |

## जनपद – मेरठ







19वीं राष्ट्रीय जंबूरी एवम ग्रैंड फिनाले दिनांक 23/11/2026 से 29/11/2026 तक स्थल डिफेंस एक्सपो ग्राउंड वृंदावन योजना लखनऊ में आयोजित की गई । उ.प्र भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था मेरठ से और दिशा निर्देशन प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त मेरठ, जिला आयुक्त स्काउट, जिला आयुक्त गाइड, जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष, का रहा | 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग करने हेतु 142 स्काउट और गाइड का समूह 16 स्काउट मास्टर वा गाइड कैप्टन स्काउट भवन लालकुर्ती, मेरठ से श्री सोमेंद्र सिंह, श्रीमती पूनम रानी, श्री सोनू कुमार, श्री संजय कुमार गुप्ता जंबूरी स्थल पहुंचे राष्ट्रीय स्तर पर स्टेट पायनियरिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत जनपद मेरठ ने मुख्य रूप से स्टेट पायनियरिंग प्रोजेक्ट तैयार किया गया, उपरोक्त कार्य का अवलोकन राष्ट्रीय निर्णायक प्रादेशिक व जनपद पदाधिकारीगण ने जंबूरी स्थल पर स्वयं उपस्थित होकर किया स्टेट पायनियरिंग प्रोजेक्ट मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर ए ग्रेड प्राप्त किया |

## जनपद – हापुड़






उत्तर प्रदेश की जनपद संस्था हापुड़ के तत्वावधान में श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, हापुड़ में स्काउट-गाइड के नेतृत्व में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में गाइड्स के साथ विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक एवं वृहद स्तर पर प्रतिभाग किया। शिविर में योगाचार्य श्री मनीष कुमार ने छात्राओं को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न बीमारियों से बचाव, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने, पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने तथा ध्यान लगाने की विधियों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की।

## जनपद – गौतमबुद्ध नगर



दिनांक 7 नवंबर को स्काउटिंग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अपर जिलाअधिकारी श्री बच्चू सिंह व डीआईजी श्री अजय कुमार को स्कार्फ व स्टीकर लगाकर सम्मानित किया इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ राकेश कुमार राठी, जिला सचिव श्री पुष्पेंद्र कुमार, जिला रोवर आयुक्त श्री महकार सिंह, बेसिक गाइड कैप्टन श्रीमती भारती श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड साधना सिंह व गाइड उपस्थित रही |

## जनपद – बुलंदशहर





प्रादेशिक मुख्यालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशन एवं जिला संस्था भारत स्काउट एवं गाइड, बुलंदशहर के सहयोग से अक्टूबर से दिसंबर 2025 के मध्य विभिन्न सेवा, सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इस अवधि में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान, दुर्गा नवरात्रि में सेवा कार्य, रन ऑफ यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश तथा बिगनर्स कोर्स एवं OYMS वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों में पदाधिकारियों के समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता से स्काउट-गाइड आंदोलन की सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

# *एशिया-पैसिफिक रीजनल जम्बूरी (फिलीपींस) में भारत का प्रतिनिधित्व: एक प्रेरणादायक अनुभव*

*14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक मुझे **एशिया- पैसिफिक रीजनल जम्बूरी (APR Jamboree), फिलीपींस** में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। यह मेरे जीवन के सबसे यादगार एवं प्रेरणादायक अनुभवों में से एक रहा। इस अंतरराष्ट्रीय जम्बूरी में मेरे साथ Ticket To Life (TTL) के दो स्काउट्स भी सम्मिलित हुए, जो उनके लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।*

*हमारी यात्रा 13 दिसंबर को प्रारंभ हुई। यात्रा के दौरान वियतनाम में 17 घंटे का ठहराव रहा, जो हमारे लिए सीख और आनंद से भरपूर रहा। इस दौरान हमने आपस में संवाद किया, अनुभव साझा किए और यह समझा कि स्काउटिंग केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर परिस्थिति में सीखने और साथ मिलकर आगे बढ़ने की भावना है।*

*जम्बूरी के दौरान मुझे **NSO Booth** पर कार्य करने का अवसर मिला, जहाँ मैंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्काउटिंग परंपरा, संस्कृति एवं मूल्यों को प्रस्तुत किया। यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण था कि मैं विश्वभर से आए प्रतिभागियों के समक्ष The Bharat Scouts and Guides के कार्यों को साझा कर सकी।*

*इस जम्बूरी ने न केवल हमारे आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ किया, बल्कि हमें वैश्विक स्तर पर मित्रता, सहयोग एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अनूठा अनुभव भी प्रदान किया।*

*यह यात्रा केवल एक शिविर नहीं, बल्कि सीख, नेतृत्व, मित्रता और वैश्विक एकता का अद्भुत संगम रही। APR जम्बूरी ने हमें यह सिखाया कि **"Once a Scout, Always a Scout"** केवल एक कथन नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। यह अनुभव सदैव हमारे हृदय में एक स्वर्णिम स्मृति के रूप में संजोया रहेगा।*

**--रिंकू चौधरी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड)**









## मण्डल – बरेली

### जनपद – बरेली

बरेली- भारत स्काउट एवं गाइड का 75वाँ स्थापना दिवस का बैज लगाकर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के उद्देश्य एवं सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड), बरेली मंडल, श्रीमती नेहा कटियार द्वारा स्थापना दिवस बैज लगाकर सदस्यों के सम्मान से हुई। इस अवसर पर जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), आईटी कोऑर्डिनेटर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।









## जनपद – बदायूं





भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में मिनी कुंभ मेला ककोड़ा में खोया पाया समाज सेवा शिविर में 355 खोये बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि बच्चे निस्वार्थ सेवा से ही सच्चे देशभक्त और क्रांतिकारी बनते हैं। शिविर का उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार बीएल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, विधायक हरीश शाक्य, विधायक महेश चंद्र गुप्ता, डीएम अवनीश राय, एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने किया। डीआईओएस लालजी यादव, बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर बरेली मंडल बरेली श्रीमती नेहा कटियार आदि उपस्थित रहे।

# मण्डल – मुरादाबाद

## जनपद – मुरादाबाद





जनपद मुरादाबाद द्वारा दिनांक **7 नवंबर 2025** को स्काउट-गाइड संस्था का **स्थापना दिवस** प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न स्काउट गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। उल्लेखनीय है कि भारत में स्काउट-गाइड संस्था की स्थापना **7 नवंबर 1950** को हुई थी। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) **बृजेश कुमार**, जिला सचिव **डॉ० सुरेंद्र वर्मा**, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) **मोनिका**, जिला प्रशिक्षण आयुक्त **शुभम**, **सुमित शर्मा**, **वैशाली ठाकुर** एवं **पूजा** ने जनपद के मुख्यायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी **मृणाली अविनाश जोशी** को स्थापना दिवस का स्टिकर लगाकर इस विशेष दिवस से जोड़ा। साथ ही **एमएलसी डॉ० जयपाल सिंह व्यस्त** को भी बैज लगाया गया।

## जनपद – रामपुर

जनपद रामपुर में दिनांक 06 से 08 नवम्बर 2025 तक आयोजित जनपदीय स्काउट-गाइड रैली जनपद में मुख्य अतिथि आदरणीय जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद रामपुर, विशिष्ट अतिथि श्री हरीश कुमार गंगवार, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उपाध्यक्ष श्रीमती अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उपाध्यक्ष सुश्री कल्पना देवी, जिला मुख्य आयुक्त श्री बलराम सिंह, जिला आयुक्त डॉ शिव ओम शर्मा एवं रीता जैसवार , जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, जिला कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा सहित संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।






## मण्डल – मिर्ज़ापुर

### जनपद – मिर्ज़ापुर







भारत स्काउट एवं गाइड का 75वाँ स्थापना दिवस बैज लगाकर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के उद्देश्य, सिद्धांतों एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही उपस्थित सदस्यों को समाज सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

### जनपद – सोनभद्र

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी दिनांक 23.11.2025 से 29.11.2025 तक स्थान – डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-16, वृन्दावन योजना, लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस जम्बूरी में जिला संस्था – सोनभद्र के स्काउट एवं गाइड ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।
जम्बूरी से वापस आने के उपरांत जिला संस्था सोनभद्र द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सहभागिता के लिए मोमेंटो तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – हमीरपुर








भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के निर्देशानुसार जिला संस्था हमीरपुर द्वारा 18 से 24 दिसम्बर 2025 तक गांधी इंटर कॉलेज, मौदहा में सप्त दिवसीय बेसिक स्काउटमास्टर/गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन जिलाधिकारी/अध्यक्ष श्री घनश्याम मीणा, जिला विद्यालय निरीक्षक/मुख्यायुक्त श्री महेश कुमार गुप्ता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/उपाध्यक्ष श्री आलोक सिंह के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 47 प्रतिभागियों (28 स्काउटमास्टर एवं 19 गाइड कैप्टन) ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान स्काउटिंग का इतिहास, गांठ-बन्धन, ध्वज शिष्टाचार, नेतृत्व एवं दल संचालन जैसे विषयों का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान दिया गया।

### जनपद – बाँदा

आज दिनांक 31/10/2025 को जम्बूरी तैयारी हेतु एक आवश्यक बैठक स्काउट भवन बाँदा में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त शिव प्रताप सिह ने की । जिसमें जम्बूरी में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों के हिन्दू इण्टर कालेज अतर्रा से अशोक कुमार (DTC स्काउट), अरुण कुमार अग्रहरि (Doc स्काउट), मुकेश कुमार DAV बाँदा, प्रद्युम्न कुमार सिंह, अमित कुमार, डॉ० सर्वेश कुमार तिवारी, राजेश कुमार, आराधना गौतम DTC गाइड, स्मिता द्विवेदी DOC गाइड, कृष्णदेव, कुलदीप श्रीवास IT बाँदा, अवधेश कुमार स्काउट/गाइड प्रभारियों ने प्रतिभाग किया |






# मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – सहारनपुर





प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशन में प्रादेशिक स्तरीय माता शाकुम्बरी देवी सहारनपुर में समाज सेवा शिविर आयोजित किया गया शिविर के दौरान लगातार बरसात होने के कारण अचानक पानी का जलस्तर बढ़ गया जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओ को बचाने हेतु सभी स्काउट /गाइड रोवर / रेंजर के द्वारा बचाव एवं राहत कार्य चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट श्री अमित कुमार जी, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री अनिल कुमार भारद्वाज, ट्रेनिंग काउंसलर ब्रह्म प्रकाश कटारिया, आनंद मालियां, विपिन, पिंकू सिंह और सभी स्काउट ओवर उपस्थित रहे जिला मुख्य आयुक्त नगर आयुक्त सहारनपुर श्री शिपु गिरी जी, जिला सचिव दीपक कुमार गुप्ता जी, श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक /जिला उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड श्री अरविंद पाठक जी, जिला आईटी कोऑर्डिनेटर श्री मोहित कुमार जी तथा प्रशासन और जिला पंचायत के द्वारा स्काउट गाइड की टीम का उत्साहवर्धन किया गया।

## जनपद – शामली



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद शामली के तत्वावधान में एवं जिला संस्था के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार चौहान (जिलाधिकारी, शामली) तथा जिला मुख्यायुक्त/मुख्य विकास अधिकारी श्री विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में दिनांक 10 नवंबर 2025 से 14 नवंबर 2025 तक श्री जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, गढ़ी पक्की (शामली) में तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन शिविर संचालिका श्रीमती गीता रानी (जिला संगठन आयुक्त, गाइड) एवं श्रीमती गायत्री देवी (जिला प्रशिक्षण आयुक्त, गाइड) के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें 96 स्काउट एवं 32 गाइड ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला सचिव डॉ० हीरा सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया तथा स्काउट एवं गाइड द्वारा लगाए गए तंबुओं एवं बिना बर्तनों के तैयार किए गए भोजन का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की।

## जनपद – मुज्जफरनगर




भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में आयोजित प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशानुसार अनुसार कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में चार दिवसीय शिविर समापन के पूर्व संध्या पर वृहद कैंप फायर का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी स्काउट गाइड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद के स्काउट/गाइड पदाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री अमित कुमार (मेरठ एवं सहारनपुर मंडल) के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल जी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षत जिला मुख्य आयुक्त डॉ कंचन प्रभा शुक्ला जी ने की। विशिष्ट अतिथियों में के रूप में जिला यातायात प्रभारी राकेश कुमार, उपस्थित रहे गाइड कमिश्नर डॉ. राजेश कुमारी जी, स्काउट कमिश्नर श्री विजय शर्मा जी जिला सचिव श्री अनिल शर्मा जी, श्री राजीव गौतम जी कुमारी विनीता गर्ग प्रधानाचार्य कुंवर जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज जिला सहायक गाइड कमिश्नर श्रीमती रेणु गर्ग जी,जिला सहायक स्काउट कमिश्नर श्री सुखदेव मित्तल जी, गाइड शिविर संचालिका एवं प्रभारी श्रीमती रिहाना सुल्तान, सहायक प्रभारी श्रीमती किरण शर्मा स्काउट शिविर प्रभारी श्री श्रीप्रकाश जी सहायक प्रभारी श्री राजपाल पुंडीर जी एवंश्री संतोष कुमार वर्मा जी की विशेष उपस्थिति रही।

## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – वाराणसी






भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में वाराणसी मंडल वाराणसी में दिनांक 22/12/2025 से 28/12/2025 तक एडवांस स्काउट मास्टर / गाइड कैप्टन कोर्स एवं बेसिक स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स संपन्न हुआ | जयप्रकाश दक्ष सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट वाराणसी-मण्डल, डॉ. एस पी सिंह जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स स्काउट, डॉ. चंद्रमणि सिंह जिला आयुक्त स्काउट, डॉ आनंद प्रभा जिला आयुक्त गाइड, डॉ उमेश कुमार सिंह जिला सचिव, प्रदेश मुख्यालय से नियुक्त प्रशिक्षक श्री सुरेन्द्र यादव LT लखनऊ, श्रीमती निरुपमा बाजपाई LT रायबरेली, श्री शशि कुमार शर्मा ALT कानपुर, श्रीमती प्रीति मिश्रा LT सीतापुर, श्रीमती भानुमति ALT रायबरेली, आदि लोग उपस्थित रहे। शिविर में जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट उमेश केशरी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड डॉ मीना कुमारी, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती रामेश्वरी वर्मा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री विष्णु विश्वकर्मा, श्री आशु वर्मा , श्री अमिताभ पाठक, पूजा मिश्रा, जिला स्काउट मास्टर श्री अनिल तिवारी, जिला गाइड कैप्टन कुमारी प्रतिमा जी का सहयोग प्राप्त हुआ|

## मण्डल – बस्ती

### जनपद – बस्ती





जनपद बस्ती विभिन्न कार्यक्रमों जैसे मतदाता जागरूकता, यातायात जागरूकता, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, बाढ़ आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आदि कार्यक्रमों में स्काउट गाइड की रहती है सक्रिय सहभागिता यह विचार जिलाधिकारी/ अध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बस्ती कृतिका ज्योत्सना ने व्यक्त किया वह कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर झंडा स्टीकर लगाने आये जिला संस्था के पदाधिकारियों को मौजूद लोगों को सम्बोधित कर रही थीं, कहा कि आगामी जन जागरूकता के कार्यक्रमों में स्काउट गाइड टीम की सहभागिता रहेगी, इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ती प्रकाश भारती, परियोजना निदेशक डीआरडीए राजेश, उप जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी सिविल डिफेंस राजेश कुमार यादव, स्काउट गाइड के जिला सचिव कुलदीप सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सत्या पाण्डेय सहित स्काउट गाइड की टीम मौजूद रही।





State Adventure Programe
SHEETLAKHET
UTTRAKHAND
STAC
STATE TRAINING & ADVENTURE CENTRE, BSG, U.P.
UPCOMING EVENTS
MONTH | APRIL | MAY | JUNE
CAMP | 01 | 04 | 04
PROGRAMMES & ACTIVITIES
LOCAL SIGHTSEEING
• Panoramic Himalayan Views • Sunset Views
• Haidakhan Babaji • STC SHEETLAKHET CENTRE
• DEV VAN • Historical Dak Bangla
• Syahi Devi Temple
ADVENTURE ACTIVITIES
• ZIP LINE • SKY CYCLING • VERMA BRIDGE • LOOP HANGING
• CROSS HANGING • HORIZONTAL LADDER • HANGING BRIDE
• LOG HANGING • TIRE HANGING • ROPE HANGING
• TIRE BRIDGE • NET BRIDGE • VALLEY CROSSING • RAPLING
• CLIMBING
• LOG BALANCING • PLANK WALK • TIRES CHIMNEY • ZIG ZAG TIRES WALK • MONKEY CRAWL • TIRE TUNNEL • COMMANDO BRIDGE • MONKEY BAR • COMMANDO WALL CLIMBING
• HORIZONTAL LADDER WALK • ARCHERY • STILT BALANCING
• RUSSIAN WALL • TIRE JUMPING • RIFFLE SHOOTING • NET CRAWLING • SLOT WALK • VERTICAL ROPE LADDER • TARZAN SWING
10% DISCOUNT OFFER
Bharat Scout and Guide, Uttar Pradesh
State Training/AdventureCentre, Sheetlakhet, Uttrakhand
Email: stcsheetlakhetbsgup@gmail.com
Office: 9838726066 Website : www.bsgup.org
Scan the QR code to register.

# Glimpses of Various Activities

प्रिस्क्रिप्शन का रिकॉर्ड रखना होगा। निगरानी नियमों से छूट देते थे। घातक रसायन पाए गए। इसके लें

## देश की संस्कृति के संरक्षक हैं आज के युवा : राष्ट्रपति

### राष्ट्रीय जंबूरी के समापन में कहा-सपने पूरे करना ही प्रगति का आधार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता ही देश की प्रगति का आधार है। भारत विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। 2047 विकसित भारत का लक्ष्य सामने है। ऐसे में युवाओं के सपनों को आगे रखने से ही देश का विकास होगा। राष्ट्रपति शुक्रवार को लखनऊ में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबली तथा 19 वीं राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने युवा शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए 65 प्रतिशत जनसंख्या दृढ़ता से प्रयास करे। युवाओं को उचित मंच देने का सरकार प्रयास कर रही है, जिनमें मेरा युवा जैसी पहल महत्वपूर्ण है। यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाने के लिए समर्पित है। युवा देश के भविष्य निर्माता ही नहीं, बल्कि इसकी भव्यता और महान संस्कृति व परंपरा के संरक्षक भी हैं। जिस प्रकार एक दीपक से अनेक दीपक जलाए जा सकते हैं, उसी प्रकार एक सशक्त, समृद्ध और संवेदनशील व्यक्ति अनेक व्यक्तियों को सशक्त और समृद्ध बना सकता है।

**संवाद और टीम भावना से हर समस्या का समाधान :** राष्ट्रपति ने कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स का आदर्श वाक्य है-तैयार रहो। इसका अर्थ है कि आपको भविष्य की चुनौतियों का साहस और आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।


राष्ट्रीय जंबूरी के समापन के दौरान परेड का निरीक्षण करतीं राष्ट्रपति। -अमर उजाला

**अनुशासित युवा ही बुलंदियों तक ले जाएंगे : योगी**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं को सीख दी कि अनुशासन जीवन की पहली आधारशिला है। अनुशासित युवा ही साहस से राष्ट्र को नई बुलंदियों तक पहुंचाने में सहभागी हो सकता है। जंबूरी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश व दुनिया के कोने-कोने से आए युवाओं के माध्यम से देशभर में भारत व विश्व बंधुत्व के विजन को बढ़ाने का कार्य करेगा। ब्यूरो

>> जहां विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध वहीं विश्वास : पेज 7

## ध्वजारोहण के साथ स्काउट कैम्प की शुरुआत

महादेवा बस्ती। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद में संचालित तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन जीआरएस इंटर कॉलेज में उप प्रधानाचार्य चक्रधर मौर्य ने स्काउट ध्वजारोहण करते हुए किया तथा अपने उद्बोधन में कहा इस प्रशिक्षण से बच्चों के अंदर देश प्रेम ,राष्ट्र एकता ,के साथ-साथ अनुशासन का पाठ सीख जा सकता है विद्यालय वरिष्ठ प्रवक्ता ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बच्चों के भविष्य हेतु स्काउटिंग को आवश्यक बताया भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बस्ती से आए हुए जिला संगठन कमिश्नर स्काउट प्रताप शंकर पांडे ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट आदर्श मिश्रा, प्रमोद ने बच्चों को पहले दिन स्काउट गाइड प्रार्थना, शिविर के नियम, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, बाया हाथ मिलाना आदि की जानकारी दी, विद्यालय स्काउट मास्टर राजेश आर्य जी का प्रशिक्षण शिविर में सराहनीय योगदान रहा इस मौके पर विद्यालय स्टाफ में रामकेश चैधरी, हेमलता सिंह, निशा वर्मा, संतोष प्रजापति, विजय गुप्ता ,संतोष सिंह, मनीष श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद, तौआब अली आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क के किनारे मिली बाइक

दुबौलिया,हरैया(बस्ती)। रामजानकी मार्ग के किनारे स्थानीय थाना क्षेत्र के भिऊरा गाँव के पास टीबीएस स्टार मोटर साइकिल संख्या यूपी 51 एजे 9931 लगभग 24 घण्टे तक खड़ी थी। आस पास के लोगो द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी वाहन स्वामी का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल कर रही है।

## ध्वजारोहण के साथ स्काउट कैम्प की हुई शुरुआत

वॉयस ऑफ बस्ती संवाददाता

महादेवा (बस्ती)। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बस्ती से आए हुए जिला संगठन कमिश्नर स्काउट प्रताप शंकर पांडे ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट आदर्श मिश्रा,



द्वारा संचालित तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन जीआरएस इंटर कॉलेज बस्ती में उप प्रधानाचार्य चक्रधर मौर्य ने स्काउट ध्वजारोहण करते हुए किया तथा अपने उद्बोधन में कहा इस प्रशिक्षण से बच्चों के अंदर देश प्रेम, राष्ट्र एकता ,के साथ–साथ अनुशासन का पाठ सीख जा सकता है विद्यालय वरिष्ठ प्रवक्ता ओम प्रकाश श्रीवास्तव जी ने बच्चों के भविष्य हेतु स्काउटिंग को आवश्यक बताया भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बस्ती

प्रमोद ने बच्चों को पहले दिन स्काउट गाइड प्रार्थना, शिविर के नियम, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, बाया हाथ मिलाना आदि की जानकारी दी, विद्यालय स्काउट मास्टर राजेश आर्य जी का प्रशिक्षण शिविर में सराहनीय योगदान रहा इस मौके पर विद्यालय स्टाफ में रामकेश चौधरी, हेमलता सिंह, निशा वर्मा, संतोष प्रजापति, विजय गुप्ता, संतोष सिंह, मनीष श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद, तौआब अली आदि लोग मौजूद रहे।

**दैनिक जागरण**

## युवा शक्ति का महापर्व बनेगा जम्बूरी : योगी

### भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के आयोजन की तैयारियों की सीएम ने की समीक्षा

- कहा-आयोजन की मेजबानी गौरव की बात, उप्र की आतिथ्य क्षमता का परिचायक बने आयोजन
- 61 साल बाद मिली मेजबानी, 23 से 29 नवंबर तक डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में जुटेंगे 30 हजार प्रतिभागी

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का 19वां राष्ट्रीय जम्बूरी युवा शक्ति, अनुशासन, राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का महापर्व होगा। 61 वर्षों बाद प्रदेश को इस राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिली है, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन प्रदेश की दक्षता, व्यवस्था, सुरक्षा और आतिथ्य क्षमता का परिचायक बने। इसमें महाकुंभ जैसी तैयारी की जाए। सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, यातायात, आवास, खानपान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी व्यवस्थाएं समन्वित रूप से की जाएं।

जम्बूरी 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ की वृंदावन योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश से 30 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतिभागियों के लिए एक टेंट सिटी बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि जम्बूरी की थीम 'आत्मनिर्भर-स्वदेशी भारत, स्वच्छ एवं विकसित भारत, ग्रीन एवं सस्टेनेबल भारत' हर स्तर पर झलकनी चाहिए। आयोजन स्थल पर प्रदर्शनी स्टाल स्थापित किए जाएं जिनमें राज्यवार प्रदर्शनियों के साथ ग्लोबल विलेज, 75 वर्ष की स्काउटिंग प्रदर्शनी, एयर अग्निवीर, एक जिला-एक उत्पाद, सोलर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रानिक्स और सैन्य प्रदर्शनियां भी लगाई जाएं। बैठक में बताया गया कि यह युवाओं में तकनीकी, सामाजिक और नेतृत्व कौशल को विकसित करने का अवसर बनेगा। इस उद्देश्य से आइटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब स्थापित किया जा रहा है, जहां डिजिटल लर्निंग, लीडरशिप और इनोवेशन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरा आयोजन परिसर 24 घंटे सीसी कैमरे की निगरानी में रहे। नाइट विजन, फेस डिटेक्शन और पीटीजेड कैमरे लगाए जाएं ताकि सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली हर समय सक्रिय रहे। अधिकारियों ने बताया कि पहली बार जम्बूरी में दो दिवसीय ड्रोन शो होगा, जिसमें सैकड़ों ड्रोन समन्वित रूप में आकाश में स्काउटिंग और युवा सशक्तीकरण की कहानी प्रस्तुत करेंगे। प्रतिभागियों को आरएफआईडी आधारित स्मार्ट आइडी कार्ड दिए जाएंगे, जिनसे एंट्री और उपस्थिति डिजिटल रूप से दर्ज होगी। साथ ही व्हाट्सएप आधारित संचार प्रणाली के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को रियल-टाइम अपडेट और सूचनाएं मिलेंगी। बैठक में भारत स्काउट्स गाइड के अध्यक्ष डा. महेंद्र सिंह, प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा. प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अपने आवास में स्काउट गाइड डायमंड जुबली के ग्रैंड फिनाले और 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के आयोजन की तैयारी के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करते • सूचना विभाग

उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी भी रहे उपस्थिति

## सीनियर स्काउट में विजेता बना जैन कॉलेज

**प्रतियोगिता**

रामपुर,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में भारत स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली के समापन दिवस पर महात्मा गाँधी स्टेडियम में प्रार्थना ध्वजारोहण और झंडागान का कार्यक्रम किया गया।

सभी प्रतिभागियों को टेंट बनाने की गतिविधियों के कार्य किये गये, जिसमे सभी स्कूलो के प्रतिभागियों के द्वारा सुंदर और आकर्षक टेंट का निर्माण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सभी रचनात्मक तरीके से बनाये हुए टेंट का अवलोकन किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में प्रकृति को संरक्षित करते हुए भी आत्मनिर्भर बनें, यह स्काउट और गाइड में सिखाया जाता है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में कलर पार्टी, वर्दी, संकेत वार्ता, मीनार, गांठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, साहसिक कार्य, कैम्प फायर, कैम्प क्राफ्ट, टेंट पुल गैजेट, टावर गेट और बिना बर्तन के भोजन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जनपदीय रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्काउट वर्ग में 14 विद्यालय से लगभग 200 स्काउट, गाइड वर्ग में 14 विद्यालय के लगभग 210 गाइड, इस प्रकार कुल 28 टीमों के 410 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, बीएसए कल्पना देवी जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, सचिव ओम प्रकाश सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।


महात्मा गांधी स्टेडियम में भारत स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख और डीएम अजय कुमार द्विवेदी• हिन्दुस्तान

**यह रहा परिणाम**

■ नगर माध्यमिक सीनियर स्काउट में विजेता
जैन इंटर कॉलेज-प्रथम स्थान
सुंदर लाल इंटर कॉलेज-द्वितीय स्थान

■ नगर माध्यमिक जूनियर स्काउट में विजेता
राजकिय जुल्फिकार इंटर कॉलेज-प्रथम
सन वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल-द्वितीय

■ तहसील माध्यमिक सीनियर स्काउट वर्ग
आदर्श कृषक इंटर कॉलेज किरा-प्रथम
चौ. जगना दास इंटर कॉलेज माट खेड़ा बिलासपुर-द्वितीय
राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई-तृतीय

■ ब्लॉक बेसिक स्काउट वर्ग
पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कला-प्रथम
कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा-द्वितीय

■ तहसील माध्यमिक जूनियर स्काउट
प्रथम स्थान-दर्शन एकेडमी

■ नगर माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग
राजकीय जुल्फीकार कन्या इंटर कॉलेज-प्रथम
विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज-द्वितीय
नेहरू नगर पालिका इंटर कॉलेज-तृतीय

■ नगर माध्यमिक जूनियर गाइड वर्ग
रामप्रसाद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-प्रथम
राजकीय जुल्फीकारकन्या इंटर कॉलेज-द्वितीय
कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआ-तृतीय

■ तहसील माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग
राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया-प्रथम
आदर्श कृषक इंटर कॉलेज रामपुर-द्वितीय
डी ए वी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर-तृतीय

■ ब्लॉक बेसिक गाइड वर्ग
पूर्व माध्यमिक विद्यालय इमरता-प्रथम
पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कला-द्वितीय

## राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में बेसिक शिक्षकों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

खबर का असर, संवाददाता



रामपुर। भारत स्काउट और गाइड उ.प्र के तत्वावधान दिवसीय आयोजित होने वाले बेसिक कोर्स फॉर कब मास्टर फ्लाक लीडर स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राजकीय मुर्तजा इण्टर कॉलेज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने ध्वजारोहण कर किया। प्रशिक्षण शिविर हेतु भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा अजय नन्दन शर्मा को एल ओ सी स्काउट, रिहाना सुल्तान को एल ओ सी गाइड, रीता राठौर एल ओ सी बुलबुल, जगशरण शर्मा मनोज कुमार गुप्ता,नीता कौशिक एवं बृजेश कुमार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त द्वादश मण्डल मुरादाबाद को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन जीने की एक कला है, जितना आप स्काउटिंग गाइडिंग को सीखेंगे उतना ही आपके अन्दर स्काउटिंग के प्रति जुनून पैदा होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अनुशासन में रहकर समय पालन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालय में बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे जिससे बच्चों को नेतृत्व क्षमता ,समाज सेवा, राष्ट्रभक्ति एवं आपात परिस्थितियों में जीवन जीने की कल का विकास हो सके। इस अवसर प जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक स्काउट बृजेश कुमार, जिला सचि ओम प्रकाश सैनी गुरुजी, जिल प्रशिक्षण आयुक्त गाइड जमा फात्मा, जिला संगठन आयुक स्काउट जीतू कुमार, जिला स्काउ मास्टर भुजवीर सिंह, जिला गाइ कैप्टन निदा खुशनूद, जिला आयुक बुलबुल कुशल राणा, डॉ अनु कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्काउट मास्टर एंड गाइड कैप्टन का सात दिन का प्रशिक्षण का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज रामपुर में भारत स्काउट और गाइड का सात दिवसीय सिविल बेसिक कोर्स बार कब मास्टर, फ्लॉक लीडर, स्काउट मास्टर एंड गाइड कैप्टन का सात दिन का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के छटवें और अंतिम दिन की मध्य रात्रि को कैंप फायर का आयोजन किया गया।

जिसमें चिता टोली से मनोज कुमार निमेष ने (पूरब दिशा), अकील अहमद (पश्चिम दिशा), प्रफुल्ल कुमार बाजपेई(उत्तर दिशा), तनवीर अहमद(दक्षिण दिशा) के संकेत देकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल की मौजूदगी में अग्नि प्रज्वलित की गई।

इस मौके पर कैंप फायर गीत आग हुई है रोशन आओ आओ आग के पास आग से रोशन अपनी बस्ती कैसे बुलंदी कैसी बस्ती का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती अंजलि अग्रवाल ने कहा कि मुझे स्काउट गाइड शिविर में शामिल होने का यह पहला अवसर प्राप्त हुआ है।

क्योंकि मैं त्रिधी के पास से आती हूं। इसलिए मुझे आज यह टेंट देखकर त्रिधी मेले की याद आ गई। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक कल्पना देवी ने कहा कि अध्यापक आज के दौर में बहुत कार्य करने होते हैं जिससे उनके मस्तिष्क पर हर वक्त वजन रहता है। इस तरह के आयोजन करने से कुछ दिन के लिए वह अपनी जिंदगी अलग तरह से जी सकते हैं। इस मौके पर (मोगली-बगीरा) और (तारा) के नाटक आयोजन किया गया।

किस तरह एक लड़की तारा अपनी गरीबी से तंग आकर परेशान रहती है। फिर वह राजकुमारी के दरबार में जाकर देखती है कि राजकुमारी भी परेशान है उसके बाद उसकी मुलाकात एक मध्यम परिवार की लड़की से होती है जो आर्थिक अभाव में भी पढ़ने के साथ-साथ घर में भी कार्य करती है। उसी से प्रभावित होकर तारा न सिर्फ पढ़ना शुरू करती है बल्कि अपनी मां का हाथ भी घर में बटाती है। इस तरह यह कार्यक्रम देर रात्रि को समाप्त हो जाता है। सातवें दिन शुक्रवार को प्रातः 7:00 बजे सर्व धर्म समाज की प्रार्थना का आयोजन किया जाता है जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी धर्मों की प्रार्थनाएं कराई जाती हैं। उसके बाद स्काउट ध्वज फहराया जाता है। अगले 6 माह के अंदर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाती है। इस तरह 7 दिन चले इस कार्यक्रम का समापन सूक्ष्म जलपान के साथ कर दिया जाता है। मेरठ से आए जगदीश शरण शर्मा ए एल टी (स्काउट), रिहाना सुल्तान एल की (गाइड), अजय नंदन शर्मा ए एल टी (स्काउट) मेरठ सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (मुरादाबाद) बृजेश कुमार, एल ओ सी (स्काउट) जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह व भुजवीर सिंह (जिला स्काउट मास्टर) निदा खुशनूद (जिला गाइड कैप्टन) जीतू सिंह (जिला संगठन आयुक्त) रुचि जैन, अकील अहमद, नीतू सिंह, मनोज कुमार निमेष, कुशल राणा, प्रणय कुमार, पंकज कुमार, अनुप सिंह रविन्द्र पाल, संगीता, राहुल कुमार, बृजपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, मुस्तफा हुसैन, प्रफुल्ल कुमार बाजपेई, ललित कुमार प्रणव, कुमार नरेश कुमार, तनवीर अहमद आदि उपस्थित रहे।





# Glimpses of activates



## OUR SOCIAL ACCOUNTS




**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….**

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official



Share & Subscribe our Youtube Channel
BSGUP Official

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

Email : upscoutsguides@yahoo.com

For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,